# पेसो, नागपुर की राजभाषायी गतिविधियां

## न.रा.का.स ,नागपुर के तत्वाधान में पेसो, नागपुर में दिनांक 14/08/2014 को अंतर कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता -“चित्र पर आधरित कहानी लेखन” का आयोजन






नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर द्वारा इस वर्ष पेसो, नागपुर को “चित्र पर आधरित कहानी लेखन” प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौंपा गया था । इसके अनुपालन में पेसो, नागपुर द्वारा न.रा.का.स., नागपुर के तत्वावधान में दिनांक 14/08/2014 को अपनाह्न 03.00 बजे “चित्र पर आधरित कहानी लेखन” प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।




नागपुर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों / उपक्रम/निगम/आदि कार्यालयों से इस प्रतियोगिता हेतु कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सर्वप्रथम डा. एस.के. दीक्षित, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा सभी का स्वागत किया गया । इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए श्री पी.सी. श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा मार्गदर्शन पर संबोधन किया गया । न.रा.का.स., नागपुर के निर्देशों के अनुपालन में श्रीमती पूर्णिमा सूरडकर, राजभाषा अधिकारी, मध्य रेल, नागपुर को प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया था । इस अवसर पर श्री पी.सी. श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती पूर्णिमा सूरडकर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया । मैडम द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से संबंधित सूचनाए दी गई ।

श्री पी.सी. श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक के कर कमलों द्वारा प्रतियोगिता हेतु चयनित चित्र - *केदारनाथ त्रासदी-शिव जलमग्न* चित्र प्रदर्शित किया गया । सभी प्रतिभागियों को स्क्रीन पर प्रदर्शित इस चित्र को देखकर अपनी अभिव्यक्ति, कहानी के रूप में एक घंटे की समयावधी में लिखित रूप में प्रस्तुत करनी थी । इस प्रतियोगिता हेतु श्री रवीन्द्र देवघरे, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक(रा.भा.) को परीक्षक का दायित्व सौंपा गया

था । परीक्षक महोदय द्वारा दिया गया अंतिम परिणाम न.रा.का.स., नागपुर को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया ।

प्रतियोगिता से संबंधित समस्त प्रबंधन कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा किया गया ।

---

## विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं पखवाडा आयोजन समिति की बैठक

30 जून 2014 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2014-2015 की प्रथम बैठक दिनांक 24 जुलाई 2014 को अपराह्न 12.00 बजे मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय श्री टी. आर. तोमस की अध्यक्षता में सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई थी जिसमें निम्नलिखित मदों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए - अंचल कार्यालयों का निरीक्षण, मॉड्यूल्स का द्विभाषीकरण, वेबसाईट का द्विभाषीकरण, हिन्दी टिप्पणियों की प्रतिशतता बढाने के प्रयास,रिक्त हिन्दी पदों पर भर्ती, हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा, अंतर्कार्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन, हिन्दी पखवाडा आयोजन हेतु समिति का गठन तथा कार्यशाला का आयोजन, हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन, आदि ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 12 सितंबर 2014 से 26 सितंबर 2014 तक पखवाडा आयोजन की अवधि निर्धारित की गई तथा दिनांक 14/08/2014 को डॉ. एस कमल, सं.मु.वि.नि. की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाडा आयोजन के संबंध में गठित समिति की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

30 सितंबर 2014 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2014-2015 की द्वितीय बैठक दिनांक 30 अक्तुबर 2014 को अपराह्न 05.00 बजे मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय एवं राजभाषा अध्यक्ष श्री टी. आर. तोमस की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न राजभाषायी मदों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए तथा हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा दिसंबर माह में हिन्दी कार्यशाला संबोधित करने का निर्णय लिया गया जिसे पूर्ण किया गया ।

## पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन(पेसो), नागपुर में हिन्दी पखवाडा संपन्न

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने तथा कर्मचारियों के बीच हिंदी भाषा का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यालय में हिन्दी दिवस के साथ हिन्दी पखवाडा बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।

कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक,(पेसो) नागपुर में 12 सितंबर 2014 से 26 सितंबर 2014 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । डा. सुबोध कुमार दीक्षित, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा संपर्क हिन्दी अधिकारी का दायित्व निभाया गया ।





दिनांक 12 सितम्बर 2014 को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री टी. आर. तोमस द्वारा वरिष्ठ अधिकारी श्री पी.सी. श्रीवास्तव, संमुविनि एवं डा. एस. कमल, संमुविनि के साथ दीप प्रज्वलन कर हिन्दी दिवस मनाते हुए हिन्दी पखवाडे का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया । दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के पश्चात कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा सभी का स्वागत किया गया, हिन्दी दिवस का महत्व बताया और समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन किया । डा.सुबोध कुमार दीक्षित, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा गृहमंत्री- श्री राजनाथ सिंह जी का संदेश सुनाया गया तथा सभी से इसका अनुपालन अनिवार्य रूप से करने का निवेदन किया गया ।






तदुपरांत श्री मंगलस्वरूप त्रिवेदी, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बीएचईएल द्वारा "राजभाषा कार्यान्वयन" इस विषय पर पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हिन्दी कार्यशाला संबोधित की गई । इस अवसर पर संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक - श्री पी.सी. श्रीवास्तव, एवं डा.एस. कमल द्वारा संबोधन किया गया । इस आयोजन में मुख्यालय के सभी अधिकारी / कर्मचारी, संगठन के लेखा कार्यालय के सभी अधिकारी /कर्मचारी, आदि उपस्थित हुए ।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले अनुदेशों का अनुपालन करते हुए कर्मचारियों द्वारा सरकारी कामकाज हिन्दी में करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा कार्यालय के तकनीकी अधिकारियों के लिए हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत दो तकनीकी प्रेझेंटेशन्स भी हिन्दी में आयोजित किए गए।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की,

जैसे- हिन्दी टंकण (यूनिकोड) , हिन्दी टिप्पण-आलेखण, हिन्दी निबंध, मुहावरा एवं लोकोक्ति, हिन्दी श्रृतलेखन, लोगो एवं पंच लाईन, अंताक्षरी, आदि ।

सभी प्रतियोगिताओं में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बडे उत्साह के साथ बढचढकर भाग लिया । मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय के निर्देशानुसार कार्यालय के तकनीकी अधिकारियों को इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में नामित किया गया । इस तरह प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का हिन्दी पखवाडे में महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा हमारा मूल उद्देश्य - राजभाषा प्रचार-प्रसार सफल प्रतीत हुआ ।

सरकारी कामकाज हिन्दी में प्रभावी रूप से करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध संदर्भ ग्रंथ/राजभाषा हिन्दी के महान रचनाकारों/हिन्दी साहित्य/वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य/आदि विषय की हिन्दी "पुस्तको की प्रदर्शनी" आयोजित की गई ।

अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से, कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रचनाओं/विचारों को एक नया आयाम देने के लिए

संगठन की हिन्दी गृह पत्रिका ***विस्फोटक दर्पण*** के अंक 14 का प्रकाशन किया गया । इस पत्रिका का संपादन कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा किया गया ।





पखवाडे का समापन एवं मुख्य कार्यक्रम 26 सितम्बर 2014 को मनाया गया । मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र दूबे, उप-महाप्रबंधक, पावरग्रिड एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर, श्री सुनिल कुमार, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एवं न.रा.का.स.समन्वयक के साथ मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री टी.आर. तोमस द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए कार्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण सुनाया गया । इसके पश्चात विस्फोटक नियंत्रक श्री सुबोध कुमार दीक्षित द्वारा पखवाडे का विवरण देते हुए संबोधन किया गया ।







इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय- श्री राजेन्द्र दूबे द्वारा हिन्दी की वस्तुस्थिती के बारें में अत्यंत प्रभावशाली संबोधन किया गया एवं श्री सुनिल कुमार, न.रा.का.स. समन्वयक द्वारा हिन्दी को मन से अपनाने का आवाहन किया गया । संगठन के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय श्री टी. आर. तोमस द्वारा सभी से ज्यादा से ज्यादा काम हिन्दी में करने का आवाहन किया और कार्यालय में राजभाषायी आयोजनों पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डा. एस.कमल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं श्री आर. पी. सिंह, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने भी संबोधन किया ।





इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं मु.वि.नि. के करकमलो द्वारा संगठन की गृह-पत्रिका विस्फोटक दर्पण–अंक14 का विमोचन किया गया । मुख्य अतिथि एवं मु.वि.नि. श्री टी. आर. तोमस द्वारा पखवाडे के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।



अंत में डा.एस.के.दीक्षित, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

............

## <u>अंचल/उप अंचल कार्यालयों की राजभाषायी गतिविधियां/पखवाडा रिपोर्ट</u>

### <u>उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद कार्यालय की विशेष उपलब्धि</u>

**इलाहाबाद कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2013-2014 हेतु कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु <u>राजभाषा गौरव सम्मान</u> से सम्मानित किया गया ।**







कार्यालयाध्यक्ष श्री ए. पी. सिंह, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा यह पुरस्कार ग्रहण किया गया



गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इलाहाबाद
(मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय)

प्रमाण-पत्र

वर्ष ........2013-14........... के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने में ...उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक... ने सराहनीय प्रयास किया।

इस उपलक्ष्य में इस कार्यालय के श्री ....एस. पी. सिंह .... उप मुख्य विस्फो. नियंत्रक के योगदान की विशेष प्रशंसा की जाती है।

सदस्य सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इलाहाबाद

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इलाहाबाद

**इस उपलब्धि हेतु इलाहाबाद कार्यालय को संगठन की ओर से हार्दिक बधाई ।**

**कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा**

माह सितंबर को कार्यालय में हिन्दी माह के रूप में मनाया गया । इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं के आयोजन, तकनीकी विषयों पर हिन्दी में आयोजित कार्यशालाओं के साथ ही कार्यालय की गृह पत्रिका मध्यांचल दर्पण - अंक 11 का विमोचन किया गया ।







- दि. 08.09.2014 को "लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम 2013" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
- 15.09.2014 को हिन्दी दिवस के अवसर पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया । माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर दिए गए संदेश को पढ़ा गया एवं कार्यालय का अधिकाधिक कार्य हिन्दी में किए जाने का संकल्प लिया गया ।

- दि. 17.09.2014 को “सीटीएस एवं नॉन सीटीएस बैंक ड्राफ्ट्स का क्लीयरेन्स” विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारियों के साथ बैंक चालान से सम्बन्धित पहलुओं पर चर्चा की गई ।
- दि. 05.08.2014 को सिंडिकेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा की सौजन्यता में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केन्द्रीय) एवं बैंक की संयुक्त हिन्दी कार्यशाला में “ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन” एवं “कम्प्यूटर पर हिन्दी” विषय पर प्रशिक्षण दिया गया ।
- श्रीमती श्रावणी गांगुली कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने उक्त संयुक्त हिन्दी कार्यशाला में ,“ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन” विषय पर प्रशिक्षण दिया ।
- दि.03.09.2014 को वर्ष 2014-15 की द्वितीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया ।





- दि.25.09.2014 को डा० सतीश चन्द्र, उप-निदेशक ,(राजभाषा)वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग नई दिल्ली द्वारा कार्यालय की गृह पत्रिका “मध्यांचल दर्पण” अंक – 11 का विमोचन किया गया । इस अवसर पर उनके द्वारा, कार्यालय में हिन्दी माह के दौरान हुई प्रतियोगियोगिताओं के विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया ।
- दि.26.09.2014 को श्री कैलाश कुमार, संमुविनि, डा० ए० के० यादव, उप-मुविनि, श्रीमती वी० एस० बारदेव, उप-विनि (राजभाषा अधिकारी) एवं श्रीमती श्रावणी गांगुली, क.हि.अ. ने नराकास, आगरा की 66वीं छमाही बैठक में भाग लिया ।
- दि.26.09.2014 को डा० सतीश चन्द्र ,उप निदेशक (राजभाषा) ,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ,औद्योगिक नीति, और संवर्धन विभाग, नई दिल्ली ,द्वारा कार्यालय के राजभाषायी कार्य का निरीक्षण किया गया ।

**कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद**

- दिनांकः 10.09.2014 से 24.09.2014 तक कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं (निबन्ध, वाद-विवाद, पोस्टर, काव्य पाठ, टिप्पण लेखन, आदि) का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 10.09.2014 को हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख डा. ए.पी. सिंह, उप-मु.वि.नि., द्वारा सभा संबोधित की गई । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिंदी में अधिकाधिक कार्य किये जाने हेतु संकल्प लिया गया । कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ समस्त कार्यक्रम में भाग लिया ।
- दिनांकः 18.09.2014 को “ हिन्दी पत्राचार के सिद्धांत” विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि श्री प्रकाश चन्द्र मिश्र, सहायक निदेशक, राजभाषा एवं सदस्य सचिव न.रा.का.स., इलाहाबाद द्वारा यह कार्यशाला संबोधित की गई ।

- दिनांकः 24.09.2014 को हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया ।
- दि. 30.12.2014 को वर्ष 2014-15 की तृतीय तिमाही की हिंदी सभा का आयोजन किया गया ।
- दि. 31.12.2014 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री प्रकाश चन्द्र मिश्र, सहायक निदेशक, राजभाषा एवं सदस्य कार्यालय सचिव, न.रा.का.स., आयकर आयुक्त का कार्यालय, इलाहाबाद द्वारा *हिन्दी पत्राचार के सिद्धांत* विषय पर व्याख्यान दिया गया । इसमें कार्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

**कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, रायपुर**

- वर्ष 2014-15 की द्वितीय त्रैमासिक हिंदी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।
- दि. 24.09.2014 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री पी.के. सकलेचा, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, विपणन प्रभाग, इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर ने व्याख्यान दिया गया । इसमें कार्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

**कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून**

- वर्ष 2014-15 की द्वितीय त्रैमासिक हिंदी बैठक का आयोजन दिनांकः 05.08.2014 को किया गया, जिसमें कार्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।
- दिनांकः 08.09.2014 से 22.09.2014 तक कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं (निबन्ध, वाद-विवाद, सुलेख आदि) का आयोजन किया गया ।
- दिनांकः 15.09.2014 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख डा0. श्रीमती. आर.आर.गुप्ता, वि.नि., द्वारा श्रीमान राजनाथ सिंह, माननीय ग्रहमंत्री, भारत सरकार का संदेश पढ़कर सभी को सुनाया गया । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिंदी में अधिकाधिक कार्य किये जाने हेतु संकल्प लिया गया । कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ समस्त कार्यक्रम में भाग लिया । दिनांकः 22.09.2014 को हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया ।
- दिनांकः 18.09.2014 को “ गैस सिलेन्डर नियम 2004 एवं अपडेट्स” विषय पर द्वितीय त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें कि डा.(श्रीमती) आर.आर.गुप्ता. वि.नि.कार्यालय प्रमुख द्वारा तकनीकी विषय पर प्रस्तुति दी गई जो कि कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक रही ।

**कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, फरीदाबाद**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद में दिनांक 12/09/2014 से दिनांक 26/09/2013 तक राजभाषा हिन्दी के संवर्द्धन, अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया। इस पखवाडे के दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं, जैसे हिन्दी टंकण, सुलेख, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, अंताक्षरी, आदि का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया । दि. 16.09.2014 को मुख्य अतिथि श्री राकेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक(राजभाषा), राजभाषा कर्यान्वयन समिति, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, फरीदाबाद द्वारा हिन्दी कार्यशाला संबोधित की गई जिसमें उन्होंने कार्यालयीन कार्य में राजभाषा के अधिकाधिक सरल प्रयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं मार्गदर्शन दिया । विजयी प्रतिभागियों को कार्यालयाध्याक्ष महोदय द्वारा पुरस्कार

वितरित किए गए। उक्त पखवाडे के दौरान दिनांक 13/9/2013 को कार्यालय में तिमाही हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला को श्री नरेश कुमार अरोड़ा, सहायक निदेशक (राजभाषा), विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, एनएच 4, फरीदाबाद ने 'हिन्दी शब्दावली तथा नोटशीट लेखन' विषय पर अपना व्याख्यान देकर सम्बोधित किया।

**चण्डीगढ**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, चण्डीगढ में दिनांक 05/09/2014 से 11/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान हिन्दी निबंध, टंकण एवं पोस्टर, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

**जयपुर**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, चण्डीगढ में दिनांक 15/09/2014 से 22/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान हिन्दी निबंध, टंकण एवं पोस्टर, हिन्दी अनुवाद, प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक नियमों से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यालयाध्यक्ष श्री आर. वेणुगोपाल द्वारा कार्यालय के कामकाम को अधिक से अधिक हिन्दी में करने का आग्रह किया गया तथा श्री राजेन्द्र रावत, वि.नि. द्वारा समापन समारोह के अवसर पर राजभाषा के संबंध में कार्यालय के कामकाज में आने वाली परेशानियों को दूर करने के सुझाव दिए । हिन्दी सप्ताह का कार्यक्रम श्री डी. वी. सिंह, उप-वि.नि. द्वारा सफलतापूर्वक किया गया ।

**कोलकाता**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पुर्वांचल, कोलकाता में दिनांक 12/09/2014 से 22/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया ।







हिन्दी सप्ताह के दौरान दिनांक 22/09/2014 को श्रीमती अमरीता विना मिन्ज, प्राध्यापिका उप निदेशक का कार्यालय, हिन्दी शिक्षण योजना, कोलकाता द्वारा कार्यशाला संबोधित की गई । दिनांक 22/09/2014 को समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित मुख्यग अतिथि डा. रेखमी पान्डा मुखर्जी, विभाग अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, गोखले मेमोरीयल गर्ल्स कालेज, कोलकाता उपस्थित रही । कार्यालयाध्यक्ष श्री आर के मैन्दोला, सं.मु.वि.नि., कोलकाता के द्वारा पुरस्कार वितरण व श्री आर एन मीना , उप-मु वि नि द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हिन्दी सप्ताह का समापन हुआ ।

**रांची**

कार्यालय उप मुख्यक विस्फोटक नियंत्रक, रांची में दिनांक 01/09/2014 से 15/09/2014 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान प्रतियोगिताए, जैसे सुलेख एवं टिप्पण, आवृत्ति, अनुवाद, स्लोगन

पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता तथा कार्यालयाध्यक्ष महोदय द्वारा संबोधित कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## गुवाहाटी

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, गुवाहाटी में दिनांक 09/09/2014 से 16/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे निंबंध, पोस्टर, वादविवाद एवं श्रुतलेखन । दि. 16.09.2014 को श्री मुकुल कुमार सक्सेना, सहायक  महाप्रंधक, भारती स्टेट बैंक, सिलपुखुरी, गुवाहाटी द्वारा संबोधित हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह  में मुख्य अतिथी द्वारा प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरसकार वितरित किया गए ।

## भुवनेश्वर

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भुवनेश्वर में दिनांक 14/09/2014 से 20/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे टंकण, अनुवाद, पोस्टर, वादविवाद एवं अंताक्षरी, हिन्दी पठन ।








हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह  में मुख्य अतिथी द्वारा प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुस्कार वितरित किए गए ।

## मुंबई

कार्यालय संयुक्त मुख्य  विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, मुंबई में दिनांक 08/09/2014 से 15/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जैसे- हिन्दी पोस्टर, स्लोगन, हिन्दी अनुवाद, प्रश्नोत्तरी, हिन्दी आशुभाषण, अंताक्षरी, लोगो, चित्र पहचान कर कहानी लेखन, गायन एवं रंगोली ।



दिनांक 15/09/2014 को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित श्री दामोदर गौड़, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण संस्थान (नराकास) सीबीडी बेलापुर उपस्थित हुए । कार्यालयाध्यक्ष श्री संजॉय सेन, सं.मु.वि.नि., मुंबई एवं मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हिन्दी सप्ताह का समापन हुआ ।

**वर्धा**

विगत वर्षों की भाँति कार्यालय वि.नि., वर्धा द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु हिन्दी दिवस मनाते हुए हिन्दी पखवाडा दि. 12.09.2014 से 27.09.2014 तक मनाया गया । कार्यालयाध्यक्ष श्री एच. के. शर्मा, वि.नि. द्वारा दि. 12.09.2014 को पखवाडे का शुभारंभ कियागया । इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया तथा भारत सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शो के अनुपालन में अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रेरित किया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जैसे- हिन्दी टंकण, अंताक्षरी, हिन्दी वादविवाद। समापन समारोह के अवसर पर कार्यालयाध्यक्ष महोदय द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए तथा श्री एस. एस. नंदनवार, अ.श्रे.लि. के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समारोह का समापन हुआ ।

कार्यालय में वर्ष 2014-15 की द्वितीय तिमाही में दि. 23.09.2014 को हिन्दी संगोष्टी का आयोजन किया गया और दि. 16.12.2014 को तृतीय तिमाही में हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें श्री प्रकाशविठ्ठलरावबाभळे, परीक्षा मंत्री एवं सहायकमंत्री ,राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धामुख्य अतिथि एवं उनके सहयोगी श्री वामन कामडी, कार्यालय अधिकारी विशिष्ठ अतिथि के रूप में आमंत्रित थें । इस अवसर पर उन्होंने ”सरकारी कामकाज में सरलतम एवं एकार्थक हिन्दी शब्दों का समुचित प्रयोग” विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया ।



विस्फोटक नियंत्रक.,वर्धा एवं संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, दक्षिणांचल, चेन्न्ई में हिन्दी आयोजन के परिदृश्य

**चेन्नई**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, दक्षिणांचल, चेन्न्ई में दिनांक 12/09/2014 से 18/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जैसे- हिन्दी भाषण, स्लोगन, निबंध, सुलेख एवं पत्र लेखन ।

दिनांक 18/09/2014 को समापन समारोह के अवसर पर कार्यालयाध्यक्ष महोदय श्री एन. टी. शाहू, सं.मु.वि.नि., चेन्नई द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हिन्दी सप्ताह का समापन हुआ ।

**मंगलूर**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मंगलूर में दिनांक 05/09/2014 से 11/09/2014 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के शुभारंभ के दौरान कार्यालयाध्क्ष श्रीमती ए. खलवडेकर, उप-मु.वि.नि. द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी दी तथा सभी से इन प्रतियोगिताओं में बढ-चढ कर भाग लेकर कार्यक्रम सफल बनाने का अनुरोध किया तथा दैनंदिन कार्य में हिन्दी का प्रभावी प्रयोग करने का निवेदन किया । सभी कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथी के रूप में श्रीमती नागरंता एम. राव, प्राध्यापक, हिन्दी महाविद्यालय, मंगलूर द्वारा *'राष्ट्रहित के लिए हिंदी का महत्व'* विषय पर व्याख्यान दिया । प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं कार्यालयाध्यक्ष द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।

*******